फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री नरेन्द्र सिंह निवासी आसपुरा नगर, दारगेला, तहसील व जिला राजसमन्द

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द

– प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 66/2025**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 12.08.2025 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द से जरिये पत्र क्रमांक :– एफ.1()सू0अ0,05/2025/689 दिनांक 07.08.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी/अपीलान्ट का ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 18.06.2025 का सूचना के अधिकार अधिनियम, 05 के तहत इस कार्यालय को प्रस्तुत किया गया। आरटीआई आवेदन के बिन्दु संख्या 01 से 02 की जो सूचना अपीलार्थी द्वारा चाही गई उसका संबंध प्रभारी अधिकारी सम्पर्क अनुभाग व विकास अनुभाग कार्यालय हाजा से होने से इस कार्यालय द्वारा प्रार्थी अपीलार्थी का आरटीआई आवेदन कार्यालय के जरिये पत्रांक 541–42 दिनांक 02.07.2025 से संबंधित कार्यालय को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। आवेदन में ईप्सित बिन्दु संख्या 01 की सूचना के संबंध में प्रभारी अधिकारी सम्पर्क अनुभाग द्वारा पत्रांक 518 दिनांक 11.07.2025 से पृष्ठ संख्या 3 की सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध करवा दी गई एवं बिन्दु संख्या 2 की सूचना के संबंध में प्रभारी अधिकारी विकास अनुभाग द्वारा पत्रांक 551 दिनांक 04.07.2025 से पृष्ठ संख्या 2 की सूचना इस कार्यालय को उपलब्ध करवा दी गई, इस कार्यालय द्वारा प्रार्थी को ऑनलाईन पोर्टल के क्रमांक 6749514050 दिनांक 15.07.2025 से सूचना के अधिकार अधिनियम 05 की धारा 7(1) व 7(5) के तहत नियमानुसार शुल्क राशि जमा कराने हेतु पत्र प्रेषित किया गया, प्रार्थी द्वारा दिनांक 15.07.2025 को वांछित राशि पोर्टल के माध्यम से जमा करवा दी गई, आरटीआई पोर्टल से ऑनलाईन क्रमांक 4896498990 दिनांक 17.07.2025 से प्रार्थी को इस कार्यालय में उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार बिन्दु संख्या 1 व 2 की सूचना अपलोड कर प्रेषित की गई। अतः प्रार्थी के आरटीआई आवेदन में बिन्दु संख्या 01 से 02 की सूचना,	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)

कार्यालय में उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड कर सूचना उपलब्ध करवा दी गई है।

लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना कार्यालय में उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार अपीलार्थी को उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर राजसमन्द को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)